## जीएसटी काउंसिल की होगी यह 50वीं बैठक

# 11 जुलाई को होगी जीएसटी काउंसिल की मीटिंग, फेक रजिस्ट्रेशन पर होगी बातचीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जीएसटी काउंसिल की 50वीं बैठक 11 जुलाई को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में होने जा रही है। जीएसटी काउंसिल ने ट्वीट करते हुए बताया कि जीएसटी काउंसिल की 50वीं बैठक 11 जुलाई 2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली काउंसिल में राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं। जानकारी के अनुसार काउंसिल फेक रजिस्ट्रेशन और इनपुट टैक्स क्रेडिट के क्लेम्स को रोकने के लिए कड़े कदम उठा सकती हैं। इसके अलावा काउंसिल ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और होर्सरेस पर जीओएम रिपोर्ट पर भी चर्चा होगी।

### फेक रजिस्ट्रेशन रहेगा सबसे बडा मुद्दा

जीएसटी के तहत रजिस्टर्ड फेक कंपनियों और कारोबारियों पर कार्रवाई करने और फेक आईटीसी क्लेम्स को रोकने और सभी कंपनियों के एड्रेस जियोटैगिंग को अनिवार्य करने पर काम हो रहा है। देश की राजधानी दिल्ली और हरियाणा में इसका पायलट प्रोजेक्ट भी शुरू हो चुका है। इसके यूज से किसी भी कारोबार की जगह को वेरीफाई करने में मदद मिलेगी। वास्तव में कुछ ऐसे मामले सामने ऐसे आए हैं जिनमें एड्रेस फर्जी मिले हैं। वेरिफिकेशन के दौरान पता चला है कि 12500 फेक कंपनियां मिली है, जिनके मौके पर ऑफिस तक नहीं है।

- वित्त मंत्री सीतारमण करेगी बैठक की अध्यक्षता
- काउंसिल में राज्यों के वित्त मंत्री होंगे शामिल
- कंपनियों के फेंक रजिस्ट्रेशन व इनपुट टैक्स क्रेडिट पर होगी चर्चा
- ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो पर भी किया जा सकता है विचार




### ऑनलाइन गेमिंग पर भी होगी बात

काउंसिल ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और होर्स रेस पर जीओएम रिपोर्ट पर भी चर्चा करेगी और इसे जल्द ही राज्यों को सर्कूलेट करेगी। जीओएम ने पिछले साल दिसंबर में काउंसिल को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, लेकिन काउंसिल ने इसे चर्चा के लिए नहीं लिया है। इसके अलावा, काउंसिल दर रेशनलाइजेशन पर मंत्रियों के समूह (जीओएम) के लिए एक कंवीनर पर भी फैसला करेगी।

### जीएसटी ट्रिब्यूनल पर होगी चर्चा

जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल की स्थापना की डिमांड लंबे समय से की जा रही है, इस पर भी काउंसिल की मीटिंग में बातचीत हो सकती है। यह ट्रिब्यूनल इनडायरेक्ट टैक्स मुकदमों के बोझ को कम कर सकता है। जीएसटी काउंसिल से मंजूरी के बाद केंद्र जल्द ही सदस्यों की नियुक्ति करेगा। मौजूदा समय में टैक्स अधिकारियों के फैसले से असंतुष्ट टैक्सपेयर्स को संबंधित हाई कोर्ट्स में जाते हैं।

### *16 मई से शुरू किया गया अभियान*

*केंद्र और राज्य जीएसटी प्राधिकरणों ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत फर्जी पंजीकरण पर लगाम लगाने के लिए 16 मई को अभियान शुरू किया था। फर्जी पंजीकरण का उपयोग मुख्य रूप से आईटीसी का गलत तरीके से दावा कर सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने के लिये किया गया है। इस अभियान में 45,000 फर्जी पंजीकरण चिन्हित किये गये हैं और 13,000 करोड़ रुपये की कर चोरी का पता लगा। साथ ही, गलत तरीके से 1,430 करोड़ रुपये के आईटीसी को 'ब्लॉक' किया गया।*

### *62 हजार फर्जी आईटीसी दावों का चला पता*

*वहीं रिस्की कंपनियों के लिए बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन भी जरूरी होगा। मौजूदा समय में ऑथेंटिकेशन केवल आधार और पैन के माध्यम से ओटीपी बेस्ड होता है। नवंबर 2020 से एक विशेष अभियान में, केंद्रीय एजेंसियों ने 62,000 करोड़ रूपये के फर्जी आईटीसी दावों का पता लगाया है और प्रोफेशनल सहित 776 लोगों को गिरफ्तार किया है।*

## सोने में 100 रु की गिरावट चांदी 120 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 100 रुपये के नुकसान के साथ 59,150 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 59,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 120 रुपये की तेजी के साथ 71,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'दिल्ली के हाजिर सराफा बाजार में सोना 100 रुपये की गिरावट के साथ 59,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था।'

## छठे जी एस टी दिवस का आयोजन

**नई दिल्ली।** 01/07/2023 को छठे जी एस टी दिवस का आयोजन दिल्ली के विज्ञान भवन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन एवम राज्य वित्त मंत्री पंकज चौधरी की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान जी एस टी विभाग के 24 अधिकारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इनमे झज्जर जिले के छपार गांव के इंस्पेक्टर दीपक डागर पुत्र कृष्ण डागर को भी उनकी सेवाओं के लिए वित्त मंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# सिंगापुर के एसजीएक्स निफ्टी का स्थान भारत के गिफ्ट निफ्टी ने लिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार खुलने पर निफ्टी की चाल कैसी रहेगी, इसे लेकर वर्षों तक एसजीएक्स निफ्टी से संकेत मिलता रहा है। हालांकि अब इसका सफर आज से खत्म हो गया है। अब एसजीएक्स निफ्टी के फ्यूचर्स कांट्रैक्ट्स को आज से गिफ्ट निफ्टी के तौर पर फिर से ब्रांडिंग की गई है। एसजीएक्स निफ्टी पहले सिंगापुर के एक्सचेंज पर था लेकिन अब इसके 750 करोड़ डॉलर के सभी डेरिवेटिव्स को एनएसई इंटरनेशनल एक्सचेंज (एनएसई आईएक्स) पर ट्रांसफर कर दिया गया है। अब सोमवार से निफ्टी फ्यूचर्स के सभी नए पोजिशन एसजीएक्स निफ्टी की बजाय एनएसई आईएक्स पर खुलेंगे।




### इस शिफ्टिंग से निवेशकों को क्या होगा फायदा

एनएसई आईएक्स सेज यानी स्पेशल इकनॉमिक जोन में है जिसके चलते इसमें ट्रेडिंग पर निवेशकों को सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स, कमोडिटी ट्रांजैक्शन टैक्स, डिविडेंड डिस्ट्रीब्यूशन टैक्स और कैपिटल गेन टैक्स से राहत मिलती है। इसके सीईओ वी वालासुब्रमणियन के मुताबिक देश से बाहर रहने वाले भारतीयों और वहां से काम करने वाली भारतीय कंपनियों को यहां ट्रेडिंग पर टैक्स नहीं देना होगा।

### *निफ्टी फ्यूचर्स के कांट्रैक्ट होंगे*

*इस पर अमेरिकी डॉलर में निफ्टी फ्यूचर्स के कांट्रैक्ट होते हैं। एनएसई आईएक्स गिफ्ट सिटी सेज यानी गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी सेज में है और इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर अर्थॉरिटी के रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के तहत काम करता है।*

### *गिफ्ट निफ्टी के ट्रेडिंग की टाइमिंग*

*एसजीएक्स निफ्टी पर अब ट्रेडिंग बंद कर दी गई है और इसे सिंगापुर एक्सचेंज से डीलिस्ट कर दिया गया है। गिफ्ट निफ्टी की बात करें तो यह दो सेशन में करीब 21 घंटे खुला रहेगा। भारतीय समयानुसार पहले सेशन में यह सुबह 6.30 बजे से लेकर शाम 3.40 बजे तक और दूसरे सेशन में शाम 4.35 बजे से लेकर रात 2.45 तक खुला रहेगा।*

## सेंसेक्स पहली बार 65,000 अंक पार

**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी का सिलसिला लगातार चौथे कारोबारी सत्र में जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 486 अंक से अधिक उछलकर पहली बार 65,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। मुख्य रूप से वैश्विक बाजारों में तेजी और विदेशी पूंजी प्रवाह जारी रहने से बाजार में मजबूती आई। कारोबारियों के अनुसार, सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लि. में अच्छी लिवाली से भी बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 486.49 अंक की बढ़त के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 65,205.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 581.79 अंक उछलकर रिकॉर्ड 65,300.35 अंक तक चला गया था। निफ्टी भी 133.50 अंक की तेजी के साथ रिकॉर्ड 19,322.55 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार तीसरा दिन है जब दोनों मानक सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए हैं। कोटक सिक्योरिटीज लि. के शोध प्रमुख (खुदरा) श्रीकांत चौहान ने कहा, 'जून में जीएसटी संग्रह मजबूत होने तथा पिछले कुछ दिनों में देश के ज्यादातर भागों में मानसून आने के साथ निवेशकों में उत्साह है। तेजी का मुख्य कारण मजबूत विदेशी पूंजी प्रवाह है। देश का ज्यादातर आर्थिक मानदंडों पर अच्छा प्रदर्शन है, ऐसे में निकट भविष्य में पूंजी प्रवाह मजबूत रह सकता है।'

जाने अपने व अपने परिवार की किस्मत के बारे में
ध्रुव वशिष्ठ
Call Now: 99 99 99 05 22
➜ रोज़गार (अच्छा समय) ➜ रोज़गार (बुरा समय)
➜ स्वास्थ्य ➜ वैवाहिक जीवन ➜ संतान योग
➜ विदेश यात्रा ➜ मकान एवं वाहन
कुण्डली अनुसार करियर विकल्प चुनकर जीवन सफल बनाए।
गुरुदेव जी डी वशिष्ठ ज्योतिष संस्थान
C-97, 3rd floor, Mckenzie Tower, Phase II, Above Hippo Store, Mayapuri, New Delhi - 64

## राशिफल

**मेष** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु परिवार में सामन्जस्य बनाये रखने के प्रयास करें। नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

**वृष** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मन में नकारात्मकता का प्रभाव रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी। आशा–निराशा के मिश्रित भाव मन में रहेंगे।

**मिथुन** – परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**कर्क** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय वृद्धि होगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें।

**सिंह** – वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी आ सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। व्यर्थ के विवाद हो सकते हैं।

**कन्या** – मन प्रसन्न रहेगा। पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**तुला** – कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें। धर्म–कर्म में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में कमी एवं खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में प्रसन्नता के भाव रहेंगे।

**धनु** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में सुधार होगा। भाग–दौड़ की अधिकता रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा।

**मकर** – परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**कुंभ** – माता का सानिध्य मिल सकता है। कारोबार से आय में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव ये परेशान हो सकते हैं। खर्चों की अधिकता एवं आय में कमी से चिन्तित

**मीन** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहें हैं।

## सेनको गोल्ड लिमिटेड का आईपीओ आज खुलेगा

**कोलकाता।** सेनको गोल्ड लिमिटेड के 10 रुपये के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों की कुल 405 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक नर्गिम (आईपीओ) मंगलवार, 4 जुलाई, 2023 को खुलेगा। इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग में 270 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू शामिल है और विक्रेता शेयरधारक सैफ पार्टनर्स इंडिया प्ट लिमिटेड द्वारा 135 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर ऑफर फॉर सेल में शामिल है। ऑफर का प्राइस बैंड 301 रुपये से 317 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 47 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 47 इक्विटी शेयरों के गुणक में बोली लगाई जा सकती है। ऑफर गुरुवार, 6 जुलाई, 2023 को बंद होगा। कोलकाता बेस्ड सेनको गोल्ड पांच दशकों से अधिक के लेगसी के साथ सेनको गोल्ड लिमिटेड एक पैन इंडिया ज्वेलरी रिटेलर है। सेनको की फंड आधारित कार्यशील पूंजी सुविधाओं को दीर्घकालिक सुविधाओं के लिए स्टेबल आउटलुक के साथ 'इक्रा ए' की रेटिंग और अल्पकालिक सुविधाओं के लिए 'इक्रा ए2' की रेटिंग दी गई है, और इसके सावधि जमा कार्यक्रम को आईसीआरए लिमिटेड द्वारा एक स्थिर दृष्टिकोण के साथ 'आईसीआरएए' की रेटिंग दी गई है।

## वर्ल्ड क्लास बनेगा फरीदाबाद रेलवे स्टेशन

**नई दिल्ली।** रेलयात्रियों को एक सुगम सफ़र और रेलवे स्टेशन पर आरामदायक सुविधाएँ मुहैया करवाने के लिए भारतीय रेल हमेशा से ही तत्पर रही है। रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण करने की कवायद में लगी भारतीय रेल हरियाणा के फ़रीदाबाद रेलवे स्टेशन को भी पुनर्विकसित कर रही है। इसी के अंतर्गत पुनर्विकसित होने वाले हरियाणा के फ़रीदाबाद रेलवे स्टेशन का रूपए भव्य एयरपोर्ट या मॉल से कम नहीं होगा। स्टेशन का पुनर्विकास कुल 261/97 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा जहां सभी तरह की वश्वि.स्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। रेलवे स्टेशन के साथ ही बनने वाले एक बहुमंज़लिा ईमारत को एलिवेटेड गलियारे (कॉरिडोर) के साथ जोड़ा जाएगा। जिससे यात्रियों को आसानी से रेलवे स्टेशन तक पहुँचने की सुविधा मिलेगी। एक सिटी सेंटर के तर्ज़ पर बनने वाले इस स्टेशन पर शॉपिंग की सुविधा भी यात्रियों को उपलब्ध करवाई जाएँगी। स्टेशन पर वेटिंग एरियाए वेटिंग लाउंजए रिटायरिंग रूम और फूड कोर्ट जैसी सुविधाएं मौजूद रहेंगी। यहां टिकट बुकिंग-रिजर्वेशन और अन्य सेवाओं में यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए हेल्प डेस्क भी होंगे।

## करनाल में मलाइका अरोड़ा ने किया कल्याण ज्वेलर्स के नए शोरूम का उद्घाटन

**करनाल।** पूरा करनाल शहर मानो थम सा गया था। मौका था दयाल सिंह कॉलोनी में कल्याण ज्वेलर्स के नए शोरूम के उद्घाटन का। इस अवसर पर बॉलीवुड स्टार मलाइका अरोड़ा की एक झलक पाने के लिए उनके प्रशंसकों की जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी। इस नए शोरूम के साथ कल्याण ज्वेलर्स ने हरियाणा राज्य में चार स्थानों पर अपनी उपस्थिति दर्ज की है। बॉलीवुड दिवा मलाइका अरोड़ा के हाथों शुरू हुआ यह ब्रांड न्यू शोरूम, आभूषण डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ ग्राहकों को खरीदारी का एक शानदार अनुभव प्रदान करेगा। उत्साहित भीड़ को संबोधित करते हुए, बॉलीवुड स्टार मलाइका अरोड़ा ने कहा, "मुझे करनाल में कल्याण ज्वेलर्स के इस शानदार नए शोरूम का उद्घाटन करते हुए बहुत खुशी हो रही है। इस शानदार इवेंट का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है।" शोरूम में कल्याण के लोकप्रिय हाउस ब्रांड जैसे लीला-हीरे और अर्द्ध कीमती पत्थर के आभूषण, तेजस्वी-पोल्की आभूषण, मुद्रा-दस्तकारी वाले प्राचीन आभूषण, निमाह-मंदिर के आभूषण, ग्लो-डांसिंग हीरे, जिया-सॉलिटेयर जैसे हीरे के आभूषण भी रखे जाएंगे।

# दो हजार के 76 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आएः आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि चलन में मौजूद 2,000 रुपये के नोट वापस लेने के निर्णय के बाद से 76 प्रतिशत नोट यानी 2.72 लाख करोड़ रुपये के नोट बैंकों में वापस आ गये हैं। इनमें से ज्यादातर नोट लोगों ने अपने बैंक खाते में जमा कराए हैं। केंद्रीय बैंक ने 19 मई, 2023 को अचानक से 2,000 रुपये के नोट को वापस लेने का निर्णय किया था। लोगों से बैंक जाकर 30 सितंबर तक 2,000 रुपये के नोट अपने खातों में जमा करने या दूसरे मूल्य के नोट से बदलने को कहा गया है। रिजर्व बैंक के अनुसार, मूल्य के हिसाब से मार्च, 2023 में कुल 3.62 लाख करोड़ रुपये के नोट 2,000 रुपये के थे।

- लोगों ने ज्यादातर नोट बैंकों में जमा कराए

यह 19 मई, 2023 को कारोबारी समय खत्म होने के बाद घटकर 3.56 लाख करोड़ रुपये रह गया था। रिजर्व बैंक ने बयान में कहा, 'बैंकों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 19 मई को 2,000 रुपये के नोट चलन से हटाने के निर्णय के बाद से 30 जून, 2023 तक 76 प्रतिशत यानी 2.72 लाख करोड़ रुपये के नोट वापस आ गये हैं।'

### 2.72 लाख करोड़ रुपए के नोट बैंकों में वापस



बयान के अनुसार, 'इसके परिणामस्वरूप 30 जून को कारोबारी समय समाप्त होने के बाद चलन में 84 हजार करोड़ रुपये के 2,000 के नोट रह गये थे।'

### 13 फीसदी अन्य मूल्य के नोट से बदले गए

विभिन्न बैंकों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 2,000 रुपये के जो नोट वापस आये हैं, उसमें से करीब 87 प्रतिशत लोगों ने अपने बैंक खातों में जमा किए हैं, जबकि 13 प्रतिशत अन्य मूल्य के नोट से बदले गए हैं।



## स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड डिजाइन के छात्रों ने फैशन शो में भाग लिया

**नई दिल्ली।** स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड डिजाइन के फैशन डिजाइन विभाग ने हाल ही में आगरा विकास प्राधिकरण के सहयोग से वर्ल्ड डिजाइनिंग फोरम द्वारा आयोजित एक फैशन शो में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, हमारे प्रतिभाशाली छात्रों ने अपने परिधानों का प्रदर्शन किया, जिसमें भारतीय फैशन के इतिहास को खूबसूरती से चित्रित किया गया। इस शो में नेहल चौदसमा, रीना ढाका और सब्यसाची सत्पथी जैसे प्रतिष्ठित डिजाइनरों और मशहूर हस्तियों ने भाग लिया। केआर मंगलम विश्वविद्यालय के हमारे उभरते डिजाइनरों का समर्पण, जुनून और कड़ी मेहनत उनके मंत्रमुग्ध कर देने वाले संग्रह में स्पष्ट थी, जो फैशन इतिहास की समृद्ध टेपेस्ट्री से प्रेरित थी। फैशन एक असाधारण कला है, जो समाज, संस्कृति और मानवीय भावना को प्रतिबिंबित करती है। प्राचीन सभ्यताओं की भव्य शैलियों से लेकर 20वीं सदी के विद्रोही रुझानों तक, अपने मूल के प्रति श्रद्धा के साथ नवीनता का मिश्रण करते हुए, यह लगातार विकसित हुआ है। पहले दिन, हमारे युवा डिजाइनरों ने एक रोमांचक यात्रा शुरू की, फैशन इतिहास के इतिहास की खोज की और प्रतिष्ठित रुझानों और अग्रणी व्यक्तियों की खोज की जिन्होंने इस अविश्वसनीय उद्योग को प्रभावित किया है।

# 6जी प्रौद्योगिकी में 10 प्रतिशत पेटेंट का लक्ष्य रखना होगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि भारत को वर्ष 2030 तक वैश्विक 6जी पेटेंट में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए। वैष्णव ने 'भारत 6जी' गठजोड़ के उद्घाटन कार्यक्रम में कहा कि भारत अब दूरसंचार प्रौद्योगिकियों का निर्यातक बन चुका है और इसके पास पहले से ही 6जी प्रौद्योगिकी से जुड़े करीब 200 पेटेंट हो चुके हैं। दूरसंचार मंत्री ने कहा, 'हमें वर्ष 2029 या 2030 तक 6जी पेटेंट के मामले में भारत की हिस्सेदारी को न्यूनतम 10 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य लेकर चलना चाहिए।' भारत ने पहली बार 5जी प्रौद्योगिकी के विकास कार्यक्रमों में अपना योगदान दिया है और हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के निकाय अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) ने भारत को 6जी ढांचे में भी शामिल किया है। इस दिशा में जारी प्रयासों को गति देने के लिए 'भारत 6जी' गठजोड़ का मंच तैयार किया गया है। वैष्णव ने कहा कि यह गठजोड़ देश में कार्यरत अधिक संस्थानों और कंपनियों को 6जी प्रौद्योगिकी के लिए अधिक पेटेंट आवेदन करने के लिए मिलकर काम करने को प्रोत्साहित करेगा।


## रिलायंस जियो ने लॉन्च किया 999 रु में 4जी फोन 'जियो भारत V2'

**नई दिल्ली।** रिलायंस जियो ने 4जी फोन 'जियो भारत V2' को लॉन्च कर दिया है। 'जियो भारत V2' बेहद ही किफायती दामों पर मिलेगा, इसकी कीमत 999 रु रखी गई है। कंपनी की नजर भारत में करीब 25 करोड़ 2जी ग्राहकों पर है। यह ग्राहक अभी एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया जैसी कंपनियों से जुड़े हैं। बताते चले कि रिलायंस जियो केवल 4जी और 5जी नेटवर्क ही ऑपरेट करता है। रिलायंस जियो का दावा है कि 'जियो भारत V2' के दम पर कंपनी 10 करोड़ से अधिक ग्राहक जोड़ लेगी। मार्केट में उपलब्ध इंटरनेट पर काम करने वाले जितने भी फोन उपलब्ध हैं उनमें 'जियो भारत V2' का दाम सबसे कम है। 999 रु के दाम पर उपलब्ध 'जियो भारत V2' का मासिक प्लान भी सबसे सस्ता है। ग्राहकों को 28 दिन की वैलिडिटी वाले प्लान के लिए 123 रु चुकाने होंगे। जबकि अन्य ऑपरेटर्स के वॉयस कॉल और 2जीबी वाले मासिक प्लान्स की शुरुआत ही 179 रु से होती है। इसके अलावा 'जियो भारत V2' के ग्राहकों को कंपनी 14 जीबी 4जी डेटा देगी यानी आधा जीबी प्रति दिन, यह प्रतिद्वंदियों के 2जीबी डेटा से 7 गुना अधिक है। 'जियो भारत V2' पर वार्षिक प्लान भी है जिसके लिए ग्राहक को 1234 रु चुकाने होंगे।

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

NOTICE
I, Ramesh Kumar S/o Sh. Swami Nath R/o E-333/1, Jagjeet Nagar, 2nd Pusta, Delhi-110053 declare that in the school record of my son namely GAURAV GOSWAMI my name is mentioned as RAMESH GOSWAMI instead of RAMESH KUMAR. RAMESH GOSWAMI and RAMESH KUMAR are the names of one and the same person i.e. myself.

## शब्द पहेली - 5203



**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

**शब्द पहेली -5202 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ला | म | त | ■ | म | हा | व | र | ■ |
| का | म | ■ | ही | र | ■ | म | सि | ■ | थ | ल |
| फी | ■ | शा | न | ■ | वं | ■ | ल | ब | ■ | क्ष्य |
| ■ | ■ | य | ■ | म | हा | न | ■ | र | ■ | ■ |
| ■ | फ | र | मा | न | ■ | र | स | खा | न | ■ |
| का | की | ■ | ल | ■ | ■ | ■ | न | ■ | र | ति |
| ■ | र | नि | वा | स | ■ | ह | म | द | म | ■ |
| ■ | ■ | य | ■ | र | ज | क | ■ | स्त | ■ | ■ |
| जा | ■ | म | जा | ■ | हां | ■ | श | क | ■ | का |
| न | शा | ■ | य | म | ■ | पा | प | ■ | सा | या |
| ■ | म | हा | का | ल | ■ | ल | थ | प | थ | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5208

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5207 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |